# पेट्रोलियम विश्व उत्पादन और वितरण

पेट्रोलियम एक गाढ़ा, तरल पदार्थ है जो हाइड्रो-कार्बनों के मिश्रित होने से बना है। यह छिद्रयुक्त (Porous) अवसादी शैलों जैसे बलुआ पत्थर के जोड़ों व रन्ध्रों में संचित रहती है।

खनिज तेल उन सूक्ष्म जीवों, छोटे पादपों तथा जानवरों के अपघटन से प्राप्त होता है जो आज से लगभग 10 से 20 करोड़ वर्ष पहले अवसादों के नीचे दब गये थे। इससे पेट्रोल, डीजल, इथर, गैसोलीन, मिट्टी का तेल, चिकनाई तेल, व मोम आदि प्राप्त होता है। पेट्रोलियम का उपयोग परिवहन के साधनों के संचालन में किया जाता है। इसके अतिरिक्त रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाओं, विद्युत उत्पादन, कृत्रिम रबर, विस्फोटक पदार्थ, सुगंधित द्रव, नायलान, प्लास्टिक आदि के निर्माण में भी किया जाता है।

## विश्व वितरण तथा उत्पादन
## (World distribution and production)

विश्व के शीर्ष खनिज-तेल उत्पादक राष्ट्र (WMS-2010):
सउदी अरब (प्रथम), संयुक्त राज्य अमेरिका (द्वितीय), रूस (तृतीय), चीन (चतुर्थ) स्थान है। प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादक देशों का विवरण निम्न प्रकार है :-

### सऊदी अरब (Saudi Arab) :-

यह विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है तथा यहाँ सबसे अधिक तेल के भण्डार है। सउदी अरब में प्रथम तेलकूप दहरान में खोदा गया। इसके प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र निम्नांकित है –

(i) दम्मान (ii) दहरान (iii) घावर (iv) कातिफ
(v) अबाकिक (vi) आइनेदार

Scanned with CamScanner

classmate
Date :
Page :

इनसे तेल पाइपलाइनों द्वारा फारस की खाड़ी तट पर स्थित रासतनूरा शोधनशाला को पहुँचाया जाता है। यहाँ से शोधित तेल पश्चिम में भूमध्यसागर तट पर स्थित बन्दरगाह सिदोन को भेजा जाता है। जहाँ से इसे निर्यात किया जाता है।

## ईरान (Iran) :-

ईरान एशिया का दूसरा बड़ा तेल उत्पादक देश है। यह विश्व का 5.2 % पेट्रोलियम निकलता है जबकि विश्व के कुल भण्डार का 8% यहाँ जमा है। ईरान में सर्वप्रथम सन 1908 में मस्जिदे सुलेमान क्षेत्र में पेट्रोलियम का उत्पादन हुआ। वर्तमान में यहाँ निम्नलिखित क्षेत्रों में पेट्रोलियम का उत्पादन हो रहा है -

(i) मास्जिदे सुलेमान (ii) हफ्तकेल (iii) नफ्तसफेद
(iv) करमनशाह (v) गाजचरन (vi) आघाजरी (vii) लाली

यहाँ आबादान में पेट्रोलियम शोधन का कार्य होता है। यह एक समुद्री पत्तन भी है, जहाँ से पेट्रोलियम का निर्यात होता है। सन् 2001 में ईरान में 186 मिलियन टन पेट्रोलियम का उत्पादन हुआ।

## कुवैत (Kuwait)

कुवैत एक छोटा सा मरु परिस्थितियों वाला देश है, जो फारस की खाड़ी के शीर्ष पर स्थित है। यहां विश्व का कुल संचित भण्डार का 8% है तथा यहां 2001 में 104 मिलियन टन उत्पादन हुआ था। पेट्रोलियम संचय भण्डार की दृष्टि से तीसरा तथा उत्पादन की दृष्टि से 12वाँ स्थान है। यहां कुरघान। पहाड़ी क्षेत्र सबसे बड़ा तेल क्षेत्र है। कुवैत से तेल का निर्यात मिना बन्दरगाह से किया जाता है।

Scanned with CamScanner

CLASSMATE
Date :
Page :

## ईराक (Iraq)

यह मध्य पूर्व का तीसरा बड़ा तेल उत्पादक देश है, यहां विश्व का लगभग चार प्रतिशत भण्डार है। इराक का अधिकांश तेल उत्तरी भाग में स्थित किरकुक तथा दक्षिण भाग में स्थित जुबैर क्षेत्र से प्राप्त होता है। किरकुक के पास नफ्तखाना व कुतमाह तथा जुबैर के समीप रुमाइला क्षेत्रों में भी पेट्रोलियम का दोहन होता है। निर्यात के लिए लिबिया के त्रिपोली तथा सीरिया के बनियास सागरीय पत्तनों को भेजा जाता है।

⇒ विश्व में पेट्रोलियम का उत्पादन (2001 में)

| देश | उत्पादन (मिलियन टन में) | विश्व का प्रतिशत |
|---|---|---|
| सऊदी अरब | 427 | 12.0 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 354 | 10.0 |
| रूस | 322 | 9.1 |
| इरान | 186 | 5.2 |
| वेनेजुएला | 172 | 4.8 |
| मैक्सिको | 171 | 4.8 |
| चीन | 163 | 4.6 |
| नार्वे | 158 | 4.4 |
| इराक | 127 | 3.6 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 127 | 3.6 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 119 | 3.5 |
| कुवैत | 104 | 3.2 |
| नाइजीरिया | 104 | 3.2 |
| शेष विश्व | 1021 | 28.0 |
| विश्व का कुल उत्पादन | 3555 | 100.0 |

Scanned with CamScanner

classmate
Date :
Page :

## संयुक्त अरब अमीरात (U.A.E)

यह मध्य-पूर्व का चौथा प्रमुख तेल उत्पादक देश है। पेट्रोलियम भण्डार की दृष्टि से इसका विश्व में छठा स्थान है। आबूधाबी, दुबई तथा शारजाह इसके प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र हैं। संयुक्त अरब अमीरात की अर्थव्यवस्था मूलत: पेट्रोलियम निर्यात पर निर्भर करती है।

## भारत (India)

भारत विश्व में पेट्रोलियम उत्पादन की दृष्टि से बहुत छोटा देश है। यहाँ सर्वप्रथम 1867 में असम में तेल भण्डार का पता लगाया गया था। वर्तमान समय में निम्न क्षेत्र प्रमुख उत्पादक क्षेत्र हैं -

(i) असम में डिगबोई, माकूम, बधरिया, बदरपुर, नहरकटिया एवं शिवसागर से समीपस्थ भाग में स्थित रुद्रसागर एवं लकवा प्रमुख क्षेत्र है।

(ii) गुजरात में अंकलेश्वर, कलोल, काम्बे एवं जंधार में तेल उत्पादन हो रहा है।

(iii) पंजाब के होशियारपुर एवं ज्वालामुखी क्षेत्र में, उत्तर में हिमालय के दक्षिण में स्थित तराई क्षेत्र आदि प्रमुख हैं।

(iv) महाराष्ट्र के अरबसागर के तटीय भाग पर स्थित बाम्बे हाई में मग्न तटीय भाग में तेल के विशाल भण्डारों का पता चला है। यहाँ 1978 में उत्पादन हो रहा है।

भारत में 2003 में 33 मिलियन टन तेल का उत्पादन हुआ। कुल उत्पादन का 64.55% महाराष्ट्र, 17.82% गुजरात, 16.02% असम, 1.37% तमिलनाडु, 0.23% अरुणाचल प्रदेश में होता है।

Scanned with CamScanner

classmate
Date :
Page :

## चीन (China)

पूर्वी एशिया में केवल चीन ही प्रमुख तेल उत्पादक देश है, जो विश्व के कुल उत्पादन का 4.6% पेट्रोल का उत्पादन करता है। चीन के उत्पादन का अधिकतम भाग उत्तर-पश्चिम भाग में रूसी सीमान्त के पास स्थित कारामाई क्षेत्र (जुंगेरियन बेसिन) से प्राप्त होता है। इसके अलावा सोंगहुआ बेसिन (मानराई) सिकयांग, शेंसी, जेचवान प्रदेश, ह्वांगहो नदी के बेसिन में स्थित लांग-चाऊ, जेचांग एवं नदी के डेल्टा क्षेत्र से भी तेल का उत्पादन होता है।

## मध्य एशिया (Middle East)

मध्य एशिया में पेट्रोलियम के भण्डार कैस्पियन सागर के पूर्व एवं दक्षिण क्षेत्र में स्थित है। ये क्षेत्र पूर्व में सोवियत संघ के भाग थे लेकिन अब तुर्कमेनिस्तान, कजाखस्तान, किरगिस्तान तथा अजरबेजान में स्थित है। कैस्पियन सागर के पूर्व में एम्बा (कजाखस्तान) तथा मौगिशलाक तथा दक्षिण पश्चिम में स्थित बाकू (अजरबेजान) के प्रसिद्ध तेल क्षेत्र हैं।

## संयुक्त राज्य अमेरिका (USA)

संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व में तेल उत्पादन की दृष्टि से दूसरा बड़ा देश है। इसके प्रमुख तेल क्षेत्र निम्न हैं -

(i) मध्य महाद्वीपीय प्रदेश :-

इसमें प्रमुख तेल उत्पादक राज्य मध्य एवं पूर्वी टेक्सास, ओकलाहोमा, कंसास, लुइजियाना का

उत्तरी भाग आदि है। यहां पेट्रोलियम निर्यात के लिए पाइप लाइनों का जाल बिछा हुआ है।
(ii) मैक्सिको खाड़ी का तटीय प्रदेश :-
खाड़ी के तटीय जलमग्न भाग में एवं टेक्सास तथा लुइजियाना राज्य का दक्षिणी भाग प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र है।
(iii) पश्चिमी प्रदेश :- कैलिफोर्निया की सानवाकिन घाटी समुद्र तटीय भाग एवं लॉसएंजिल्स आदि क्षेत्र।
(iv) मध्यवर्ती वृहत मैदान, रॉकी पर्वतीय प्रदेश में मोंटाना, वायोमिंग, उत्तरी डकोटा एवं ऊटा राज्य प्रमुख उत्पादक है।
(v) झीलों के समीपवर्ती भाग में इलिनायस इण्डियाना, ओहियो, मिशिगन राज्य।
(vi) अपलेशियन पर्वत के तलस्थ भाग में न्यूयार्क एवं केन्टुकी।
(vii) संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तरी-पश्चिमी भाग में स्थित अलास्का में भी विस्तृत स्थानों पर तेल प्राप्त होता है।

## कनाडा (Canada) :-

कनाडा विश्व के कुल उत्पादन का 3% तेल उत्पन्न करता है। कनाडा के कुल उत्पादन का 95% तेल अल्बर्टा प्रान्त में स्थित लेडयुक क्षेत्र से प्राप्त होता है।

## लैटिन अमेरिका :-

लैटिन अमेरिका का प्रमुख तेल उत्पादक देश वेनेजुएला है, जो विश्व के कुल उत्पादन का 4.6% तेल उत्पादित कर पाँचवें स्थान पर है। वेनेजुएला का सम्पूर्ण तेल निम्न भागों में संचित है :-
(i) माराकाइबो झील एवं समीपवर्ती प्रदेश :- वेनेजुएला के कुल तेल उत्पादन का 70% यहां उत्पन्न होता है। लागु-निलमाम

classmate
Date :
Page :

टिआ, जुआन, मेनेग्राण्डे, मर्रा तथा तर्रा आदि इस प्रदेश के प्रमुख उपक्षेत्र हैं।
(ii) ओरीनिको बेसिन :- यहाँ प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र जुसेविन किरिक्वायर एवं ओफिसितयाना है।
(iii) आपुरे नदी का दक्षिणी-पश्चिमी भाग आदि।

## रूस (Russia) :-

रूस वर्तमान समय में विश्व के कुल उत्पादन का 9.1 % तेल उत्पन्न करता है। यह विश्व उत्पादन की दृष्टि से तृतीय स्थान पर है। यहां के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र निम्न हैं -

(i) वोल्गा - यूराल प्रदेश :- यह प्रदेश चतुर्भुजाकार रूप में मास्को से 1600 Km पश्चिम में स्थित है। यहीं से रूस के कुल उत्पादन का 90% भाग प्राप्त होता है। यह वोल्गा यूराल प्रदेश में प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र उफा, पर्म एवं कुइबीशेव है। यहां से ओम्स्क के लिए 1500 Km तथा इर्कुटस्क के लिए 3700 Km. लम्बी पाइप लाइन बिछाई गयी है।

(ii) काकेशस प्रदेश :- कैस्पियन सागर के पश्चिम में स्थित बाकू क्षेत्र अजरबैजान में चला गया लेकिन काकेशस पर्वत के उत्तर में ग्रोजनी एवं दक्षिणी भाग में स्थित मैकप क्षेत्र एवं सागर तटीय भाग की मगनतट भूमि प्रमुख तेल उत्पादक प्रदेश है।

(iii) साइबेरियाई क्षेत्र :- यहाँ रूस के पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस के विपुल भण्डार हैं। पश्चिमी साइबेरिया में ओब नदी बेसिन तथा येनीसी बेसिन प्रमुख है। यहाँ प्रतिकूल पर्यावरण के कारण पर्याप्त दोहन नहीं हुआ।

Scanned with CamScanner

classmate
Date :
Page :

(iv) सखालीन द्वीप :- रूस के सुदूर-पूर्व में स्थित सखालीन द्वीप में तेल प्राप्त हुआ है।

कोलम्बिया :- कोलम्बिया भी उत्पादन की दृष्टि से विश्व में प्रमुख स्थान रखता है। इसका सम्पूर्ण तेल मैग्डालेना घाटी में संचित है। कोलम्बिया में उपरी, मध्य एवं निचली मैग्डालिना घाटी एवं मैराकाइबो बेसिन में उत्पादन होता है।

मैक्सिको :- मैक्सिको विश्व का छठा प्रमुख तेल उत्पादक राष्ट्र है। यहाँ कुल भण्डार का लगभग 6% पेट्रोलियम है। प्रतिवर्ष लगभग 171 मिलियन पेट्रोलियम का उत्पादन होता है।

पीरु :- पीरु का प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र पिउरा प्रदेश है जो उत्तरी भाग के मरुस्थल में स्थित है।

पेट्रोलियम के संचित भंडार एवं उत्पादन :-

| भण्डार (करोड़ मी० टन में) | | | उत्पादन (मिलियन मी० टन में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| देश | उत्पादन | विश्व का % | देश | उत्पादन | विश्व का % |
| पूर्व सो० संघ | 3070 | 27.9 | सउदी अरब | 376 | 11.8 |
| सउदी अरब | 2246 | 20.4 | रूस | 303 | 9.5 |
| कुवैत | 880 | 8.0 | सं० रा० अमे० | 290 | 9.1 |
| ईरान | 778 | 7.1 | ईरान | 176 | 5.5 |
| मैक्सिको | 690 | 6.3 | चीन | 160 | 5.0 |
| इण्डोनेशिया | 674 | 6.1 | वेनेज्वेला | 160 | 5.0 |
| U.A.E. | 439 | 4.0 | मैक्सिको | 153 | 4.8 |
| इराक | 405 | 3.7 | नार्वे | 145 | 4.6 |

Source: U.N. Energy statistics year Book, Newyork 2002-2003

Scanned with CamScanner